Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **एसीबी विशेष अनुसंधान ईकाई की कार्रवाईः— कृषि विभाग के अधिकारियों की तलाशी में 2,63,500/— रुपये की संदिग्ध नकद राशि बरामद।**

जयपुर, दिनांक 02 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर एस.आई.यू. इकाई द्वारा आज शाहपुरा पुलिया, दिल्ली—जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्रवाई करते हुए एक टाटा सफारी वाहन (आरजे—14—यूसी—0848) को रुकवाकर उसमें सवार कृषि विभाग के अधिकारियों एवं चालक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुल 2,63,500/— रुपये की संदिग्ध नकद राशि बरामद हुई है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि जयपुर से आई कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम भिवाड़ी—कोटपूतली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित खाद एवं कीटनाशक निर्माण ईकाइयों का निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण की कार्रवाई का भय दिखाकर संबंधित औद्योगिक ईकाइयों से अवैध रूप से धनराशि की वसूली कर रही है।

प्राप्त सूचना के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **उप महानिरीक्षक पुलिस—प्रथम डॉ. रामेश्वर सिंह** के निर्देशन में विशेष अनुसंधान इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह** के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर शाहपुरा पुलिया, दिल्ली—जयपुर हाईवे पर निगरानी रखी गई। इस दौरान संदिग्ध टाटा सफारी वाहन को रुकवाकर उसमें सवार अधिकारियों एवं चालक की विधिवत तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान कृषि अधिकारी महेश कुमार मीणा के बैग से 1,48,500/— रुपये तथा कृषि अधिकारी चन्दा राम गुर्जर के बैग से 1,15,000/— रुपये की संदिग्ध नकद राशि बरामद हुई। वाहन में कृषि अधिकारी श्री भगवान सहाय यादव एवं कृषि विभाग के चालक रमेश चन्द्र मीणा भी सवार थे, जिनकी भी नियमानुसार तलाशी ली गई। इस प्रकार कुल 2,63,500/— रुपये की संदिग्ध नकद राशि बरामद की गई।

बरामद नकद राशि के स्रोत, औद्योगिक इकाइयों से कथित अवैध वसूली तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका के संबंध में गहन पूछताछ एवं अनुसंधान किया जा रहा है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस. परिमला** के निर्देशन में अग्रिम अनुसंधान एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई जारी है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी